**बिहार सरकार**
**शिक्षा विभाग**
**बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति**
**कार्यालय आदेश**

संचिका सं०–म० भो० / को०–28 / 2013 961 / दिनांक 11/5/13

बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति में राज्य स्तरीय कार्यालय हेतु अनुबंध के आधार पर कार्यालय सहायक के पद पर नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों में कुल 183 आवेदकों का आवेदन विज्ञापन में प्रकाशित अहर्त्ता के अनुरूप नहीं होने के कारण अस्वीकृत किया जाता है। अस्वीकृत आवेदकों की सूची मध्याह्न भोजन योजना के बेवसाइट mdmsbihar.org पर देखा जा सकता है। अस्वीकृत सूची के संबंध में यदि किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय में श्रीमती उर्मिला कुमारी, सहायक निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना से सम्पर्क किया जा सकता है।

दिनांक 20.05.2013 तक बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय, बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉ०, बुद्धमार्ग–पटना–800001 आपत्ति दर्ज की जा सकती है। उक्त तिथि के बाद किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होता है।

कार्यालय सहायक पद हेतु अल्पचयनित (Shortlisted) अभ्यर्थियों की सूची मध्याह्न भोजन योजना के बेवसाइट mdmsbihar.org पर देखा जा सकता है। अल्पचयनित (Shortlisted) अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा दिनांक 25.05.2013 को पूर्वाह्न 11:30 बजे से द्वादश कन्या उच्च विद्यालय, लाल बहादुर शास्त्री नगर, पटना–800023 में निर्धारित किया गया है। सभी अल्पचयनित अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किया जा चुका है। दिनांक 23.05.2013 तक प्रवेश पत्र अप्राप्त रहने पर बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय, बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉ०, बुद्धमार्ग–पटना–800001 से सम्पर्क किया जा सकता है एवं परीक्षा स्थल पर पूर्वाह्न 10 बजे Duplicate प्रवेश पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

परीक्षा स्थल पर प्रवेश पत्र के साथ पूर्वाह्न 11:00 बजे से उपस्थित होना अनिवार्य है।

11.5

सचिव
बिहार राज्य मध्याह्न भोजन योजना समिति
–सह–
निदेशक,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।

Office Assistance